ग्रामीण समुदाय की आजीविका वृद्धि हेतु कृषि-वानिकी हस्तक्षेप पर शिविर कार्यशाला की रिपोर्ट

भा॰वा॰अ॰शि॰प॰-हिमालयन वन अनुसन्धान संस्थान, शिमला ने प्रकृति कार्यक्रम एवं मिशन लाइफ के अंतर्गत 05 अगस्त, 2023 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, लोंगणी, धरंपुर, मंडी, (हि॰प्र॰) के 03 अध्यापकों एवं 12 छात्रों की भागीदारी से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया । श्री वीरेंद्र सिंह, वन दरोगा ने छात्रों को पौधरोपण तकनीक एवं इसके लाभ के बारे में जानकारी दी इसके अलावा उन्होने शहरी वानिकी के लाभ के बारे में भी छात्रों को जानकारी दी तथा छात्रों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया । श्री मनेश कुमार, वन रक्षक ने छात्रों को मिशन लाइफ से जुड़ कर उसे अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया । उन्होने छात्रों को औषधीय पौधे का डेमो प्लॉट का दौरा करवाया और औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी । उन्होने छात्रों को गृह परिक्षेत्र तथा उसके आस पास औषधीय पौधे उगाने हेतु प्रोत्साहित किया । इस दौरान छात्रों द्वारा वन विज्ञान केंद्र, लोंगणी के पौधशाला परिसर में पाँच वृक्ष प्रजातियों (सागवान, टौर, अर्जुन, आंवला, व वहेड़ा) के पौधों का रोपण किया गया ।

झलकियाँ

****